# Anand Niketan
## Maninagar Campus

| Grade : V | Subject : Hindi | Section : |
|---|---|---|
| Date : | Empower Test- 1 | Practice Worksheet |

| | | |
|---|---|---|
| Syllabus for Empower Test - **नवरंग**-:पाठ 3-गुलीवर की यात्रा, पाठ 4-धन का खज़ाना, कविता ५-साहसी बेटी, पाठ ६-खुर्दबीन, पाठ-८-सदा चैम्पियन, पाठ ९-संरक्षक राहुल **व्याकरण**-३-संज्ञा, ४-सर्वनाम,५-विशेषण, ६-क्रिया, १२-मुहावरे और लोकोक्तियाँ | **Written Test: 23/9/19**<br>**Marks : 50** | **Notebook Submission: 10 marks**<br>**SEA Activity**<br>**Dictation : 15 marks**<br>**ASL : 5 marks** |

## विभाग:क

**प्रश्न:१) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

भारत की उत्तरी सीमा पर बसा हुआ नेपाल एक पहाड़ी देश है | यहाँ पहाड़ों की चोटियाँ बर्फ़ से ढकी रहती हैं | यहाँ की जलवायु ठंडी है | नेपाल के निवासियों में शेरपा कबीले के लोग बहुत प्रसिद्ध हैं | ये लोग परिश्रमी होते हैं | एवरेस्ट पर चढ़ने वाले श्री तेनजिंग नॉर्गे एक शेरपा थे | नेपाल का एक पहाड़ी भाग पहाड़ों वाला और दूसरा तराई वाला है, जो गर्म है | नेपाल की भूमि वन-संपदा से भरपूर है | नेपाल का हवाई-अड्डा काठमाँडू में है,जो कि यहाँ की राजधानी है | काठमाँडू विष्णुमती और बागमती नामक दो नदियों के बीच बसा हुआ है | यहाँ सर्दियों में कड़ाके की ठंड और गर्मियों में मौसमसुहावना रहता है |

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

१) नेपाल में किस कबीले के लोग प्रसिद्ध हैं ?

२) भारत की उत्तरी सीमा पर कौन सा देश बसा है ?

३) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- १) उत्तरी ×______ २) परिश्रमी ×_______

४) उपरोक्त गद्यांश से देखकर दो व्यक्तिवाचक संज्ञा लिखिए |

५) नदी के दो पर्यायवाची कौन से हैं ? क) सरिता, तरंगिनी____________ ख) जलधर, अंबर ____________

ग) सरिता, नाव ________________

**प्रश्न:२) निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

चाँद हमारी ही दुनिया से छूट गया गुब्बारा है |
दुनिया जब नन्ही-मुन्नी थी, धूलभरी खेला करती ,
गुब्बारे की डोर पकड़ने से भी थी मन में डरती |
तभी हाथ से छूट गया, कुछ ऐसा खयाल हमारा है |

तब से ही हम देख-देखकर इसे, बहुत ललचाते हैं,
ऊपर हाथ उठाते हैं, पर पकड़ न उसको पाते हैं|
चमकदार यह हमें दूर से लगता कितना प्यारा है ।
चाँद हमारी ही दुनिया से छूट गया गुब्बारा है| ( निरंकारदेव सेवक )

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

१) कवि के अनुसार चाँद क्या है ?

२) किसे देखकर हम ललचाते हैं ?

३)निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द पदयांश से देखकर लिखिए- क) हस्त _______ ख) जगत _________

४) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिये - १) ऊपर _____ , २) पकड़ना ________

५) पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए|

<u>**विभाग:ख**</u>

**प्रश्न:१) अ) संवाद लेखन-**

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संवाद लिखिए-

(१) दो मित्रों के बीच संवाद २) डॉक्टर और मरीज़ का संवाद

**आ) चित्र देखकर उसका वर्णन अपने शब्दों में करिए :-**



**दिए गए प्रश्नों के आधार पर चित्र का वर्णन अपने शब्दों में करिए :**

प्रश्न १- चित्र देखकर आपको क्या समझ आ रहा है ?

प्रश्न २- खेल-कूद का हमारे जीवन में क्या महत्व है ?

प्रश्न ३- खेलों से क्या लाभ होता है ?

**विभाग:ग**

**प्रश्न:१) अ) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

१) बादल - ______ २) कृपा - ___________ ३) वन -________

४) इच्छा -_________ ५) मछ्ली -__________ ६) आनंद -__________

**आ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:**

**१)** गुण ×_______ २) आरोह ×_______ ३) आस्तिक ×____________

४) हानि ×____________ ५) स्वदेश ×_________ ६) विद्वान ×_________

**इ) दिए गए अनेक शब्दों लिए एक शब्द लिखिए :**

१) जिसमें बल न हो -______________

२) प्रतिदिन होने वाला -______________

३) ज़मीन पर विचरण करने वाला -______________

४) जो शरण में आया हुआ हो -_________________

**ई) कोष्ठक में दिए गए तत्सम शब्दों के तद्भव रूप से खाली जगह भरिए :**

१) बारिश में ______________ अपने पंखों को फैलाकर नाचता है ।(मयूर)

२)________ की किरणों से हमें शक्ति मिलती है । (सूर्य)

३) एक ___________में ३६५ दिन होते हैं । (वर्ष)

४) ____________ के द्वारा हम सुनते हैं । (कर्ण)

**उ) रेखांकित संज्ञा शब्दों के लिए उचित सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखिए :**

१) रिमझिम ने स्वाति को <u>रिमझिम की</u> पुस्तक दी |

२) आदित्य <u>आदित्य के</u> घर कल जाएगा |

३) जतिन ने बताया कि <u>जतिन</u> डॉक्टर बनेगा ।

४) रीतिका के पिताजी <u>रितिका के</u> लिए गुड़िया लाए ।

**ऊ) नीचे दिए गए शब्दों को विशेषण के उचित भेद के नीचे लिखिए :**

[ पीली, थोड़ी, दूसरा, यह, तीन मीटर, वह, ऊँचा, चार लीटर, चौथा, कोई, उस, गोल, कई, भोला, थोड़ा ]

| <u>गुणवाचक</u> | <u>संख्यावाचक</u> | <u>परिमाणवाचक</u> | <u>सार्वनामिक</u> |
|---|---|---|---|
| | | | |

**प्रश्न:२) (अ) निम्नलिखित क्रियाओं को सकर्मक रूप में बदलकर लिखिए :**

१) निमिषा खा रही है । (खीर)

२) कान्हा पढ़ रहा है । (कहानी)

३) अनमोल खेल रहा है । (क्रिकेट)

४) परी मीठा गा रही है । (गाना)

**आ) दिए गए शब्दों से उनके एकवचन तथा बहुवचन रूपों को स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाइए :**

१) वृक्ष (एकवचन) -_____________ वृक्ष (बहुवचन) -______________

२) शेर (एकवचन) -_____________ शेर (बहुवचन) -_____________

३) पुष्प (एकवचन) -_____________ पुष्प (एकवचन) -_____________

**इ) नीचे लिखे रेखांकित वाक्यों के लिंग बदल कर लिखिए :**

१) धोबी कपड़े धो रहा है । २) ग्वालिन दूध ला रही है ।

३) श्रीमान शर्मा कार्यालय जा रहे हैं । ४) गाय घास चर रही है ।

**ई) लोकोक्ति को उसके अर्थ से मिलाए :**

१) दूध का दूध पानो का पानी- परिश्रम अधिक फल कम

२) एक अनार सौ बीमार - आपसी फूट से हानि होना

३) घर का भेदी लंका ढाए - उचित न्याय

४) खोदा पहाड़ निकली चुहिया - एक वस्तु के अनेक इच्छुक

**उ) निम्नलिखित शब्दों में से व्यक्तिवाचक,जातिवाचक तथा भाववाचक संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए :**

**[** महानता, नदी, रिया,भाषा, मटर, ममता, पेड़, दिल्ली, पारस, भलाई, आदमी, लंबाई, दुकान, भूख ]

| व्यक्तिवाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा | भाववाचक संज्ञा |
| --- | --- | --- |
| | | |

**विभाग:घ**

**प्रश्न:१) (अ) शब्दों की सहयता से वाक्य पूरे कीजिए :**

( गरीब, कोयल, विषैले, खुर्दबीन, भौहें, शांत, फुटबॉल, सीप )

१) हमारे यहाँ __________________ का मैदान नहीं है ।

२) यह सोचते हुए राहुल ने __________________ सिकोड़ ली ।

३) बेटियाँ ___________________ के समान गाती हैं ।

४) अधिक बड़ा देखना हो तो ________________ चाहिए ।

५) वे _____________ तीरों से मेरी हत्या कर देना चाहते थे ।

६) संत का चेहरा ________________ था ।

**(आ) दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए :**

चकनाचूर, वायुयान, दवाइयाँ, बैक्टीरिया, दाखिला, श्रमपूर्वक

**(इ) मनचित्र पूरा कीजिए :**



**प्रश्न:२(अ)निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए:**

१) राहुल तट पर क्या कर रहा था ?

२) लिलीपुट के सभी मकान किसकी तरह थे?

३) संत कैसे व्यक्ति थे ?

४) 'साहसी बेटी' पाठ में कौन किससे खेल रही है ?

५) दुकानदार ने पानी की एक बूँद में क्या देखा ?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों के सविस्तार उत्तर लिखिए:**

१) क्या सुनकर युवक को डर लगने लगा ?

२) गुलीवर ने लिलिपुट के राजा की मदद कैसे की ?

३) खुर्दबीन में क्या लगे होते हैं जिससे चीज़ बड़ी दिखाई देती है ?

४) कर्ण क्यों घबराया हुआ था ?

**(इ) निम्नलिखित मूल्यपरक प्रश्नों का उत्तर दीजिए:**

१) आप अपने लक्ष्य तक कैसे पहुँच सकते हैं?

२) 'गुलीवर की यात्रा पाठ' से आपने क्या सीखा ?

●●●●